# CONSUMER GRIEVANCES REDRESSAL FORUM
## Uttarakhand Power Corporation Ltd.
## Kumaou Zone,Haldwani

अंजु उप्रेती बनाम अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड,
नैनीताल

Case No.:-197 /2023

## ORDER SHEET

18/09/23 पत्रावली पेश हुई। प्रस्तुत प्रकरण में मंच द्वारा विपक्षी को प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु 23/09/23 की तिथि निर्धारित की गयी थी परन्तु विपक्षी द्वारा आख्या पत्रांक 3407, दिनांकित 15/09/2023 निर्धारित तिथि से पूर्व ही प्रस्तुत की जा चुकी है। विपक्षी की आख्या के अनुसार उपभोक्ता की वोल्टेज सम्बन्धी समस्या का समाधान कर दिया गया है। उपभोक्ता द्वारा दि. 14/09/23 को ई-मेल के माध्यम से अवगत कराया गया है कि पिछले तीन दिनों में वोल्टेज की गणना 217 वोल्ट के आस पास रही है, जिससे विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से चल रही है। उपभोक्ता द्वारा विभागीय कार्यवाही पर संतुष्टि व्यक्त की गयी है। विपक्षी अधिशासी अभियंता द्वारा उपरोक्त आख्या के साथ परिवादी की ई-मेल की प्रति भी संलग्न की गयी है। संबंधित उपखण्ड अधिकारी को संबोधित उक्त मेल का मंच द्वारा अवलोकन किया गया। परिवादी की मेल से स्पष्ट है कि वह विपक्षी के स्तर से की गयी कार्यवाही से संतुष्ट है तथा भविष्य में भी उन्हें गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति होती रहे, ऐसी आशा व्यक्त की गयी है। मंच द्वारा विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि परिवादी को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। अतः विपक्षी द्वारा परिवादी की शिकायत का समाधान कर दिये जाने के फलस्वरूप वाद निस्तारित किया जाता है। पक्षकार सूचित हों। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

सदस्य (न्यायिक)
वि०उ०शि०नि०म० हल्द्वानी

सदस्य (तकनीकी)
वि०उ०शि०नि०म० हल्द्वानी

सदस्य (उपभोक्ता)
वि०उ०शि०नि०म० हल्द्वानी